तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024



12 शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर जनता का मिल रहा जबरदस्त...





12 समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का हो रहा निवारण




## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी नितिन कुमार व साहिल उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। नानकू का नगला गांव के बलविंद्र सिंह ने 14 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव गोली में आरोपियों ने हमला कर उससे नकद राशि लूट ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### तस्करी करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अंबाला।** एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि नशे का कारोबार करने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को नशे की तस्करी में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बतलाया कि नशा युवा वर्ग को दीमक की तरह खा रहा है। युवा वर्ग अक्सर 16-30 वर्ष की आयु में नशे का शिकार होते हैं। धीरे-धीरे नशे के चक्रव्यूह में फंस जाते हैं।

### निबंरी में विवाहिता ने फंदा लगाकर जान दी

**पानीपत।** पानीपत के गांव निबंरी में विवाहिता वर्षा पत्नी अमरजीत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला अपने पति अमरजीत की कथित बेवफाई और तलाक का केस दायर करने से परेशान थी। लगातार मानसिक तनाव के चलते वर्षा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कट्टे के साथ आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने उझा मोड़ पर जोगिंद्र उर्फ निक्का पुत्र सतपाल निवासी मुडलाना सोनीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी जोगिंद्र उर्फ निक्का पर थाना चांदनी बाग में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं आरोपी पर सोनीपत व करनाल में हत्या व जानलेवा हमला की वारदातों के चार केस दर्ज है।

# हथनीकुंड बैराज पर न्यूनतम स्तर होने से सामान्य जलस्तर पर बह रही यमुना

## पहाड़ी इलाकों व मैदानी इलाकों में आसमान में छाए हैं बादल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- तेज बारिश हुई तो बढ़ सकता है हथनीकुंड बैराज का जलस्तर

पहाड़ी इलाकों में छाए घने बादलों व रुक रुक कर हो रही बारिश के बावजूद हथिनी कुंड बैराज पर यमुनानदी का जलस्तर सामान्य स्तर पर बह रहा है। मगर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और हथिनीकुंड बैराज पर यमुना नदी के जलस्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन द्वारा हथिनी कुंड बैराज में बाढ़ चेतावनी कक्ष बनाया गया है। जिसमें यमुना नदी समेत बरसाती नदियों के जलस्तर की पूरी जानकारी रखी जा रही है। वीरवार को हथनीकुंड बैराज पर चार बजे जलस्तर मात्र 4, 869 क्यूसिक था।



यमुनानगर के हथिनी कुंड बैराज पर बहता हुआ सामान्य स्तर पर जलस्तर।

बैराज के सूत्रों ने बताया कि यमुना नदी का जलस्तर अन्य दिनों की तरह सामान्य स्तर पर बह रहा है। हालांकि पहाड़ी इलाकों में रुक रुक कर बारिश हो रही है। मगर फिलहाल हथनी कुंड बैराज पर पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है।

### हथिनी कुंड बैराज पर कड़ी निगरानी रखी जा रही

वीरवार शाम चार बजे तक हथिनी कुंड बैराज पर मात्र चार हजार 869 क्यूसेक पानी बह रहा था। जो न्यूनतम जलस्तर से भी कम है। हालांकि पहाड़ी इलाकों में रुक रुक कर हो रही बारिश को देखते हुए हथिनी कुंड बैराज के जलस्तर पर प्रशासन पिछले करीब पंद्रह दिन से कड़ी निगरानी रखे हुए है। आशंका जताई जा रही है कि यदि पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश हुई तो हथनी कुंड बैराज पर जलस्तर बढ़ सकता है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हथिनी कुंड बैराज पर कर्मचारियों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। फिलहाल कोई घबराने की बात नहीं है।

# राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र पर दिया धरना

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र पर विशाल धरना दिया गया और सरकार के सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेतृत्व जिला प्रधान राजेंद्र टंडन व महासचिव संदीप चौहान ने किया। इस अवसर पर जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, संदीप चौहान, सुखदेव लाडवा, नरेश फूले ,अमन पाल, राजेंद्र जांगड़ा, सुबे सिंह,सतीश भारद्वाज, सुरेश मुकीमपुर, देवदत्त, रमेश रंगा, रमेश भट्ट, राम कुमार, करनैल,वीरेंद्र, विक्रम वड़ैच, धर्मवीर, प्रवीन, संजीव, अमरजीत पांचाल ,अमित ,राजेंद्र मनोज मेहरा आदि सैकड़ो अध्यापक मौजूद रहे। प्रधान राजेंद्र टंडन ने बताया कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ काफी समय से सरकार के पास अपने विभिन्न मांगों को लेकर समय-समय पर ज्ञापन देता रहा है लेकिन सरकार के उसे पर बिल्कुल भी कार्य नहीं कर रहे। उन्होंने बताया कि आज की मुख्य मांगे जनरल



कुरुक्षेत्र। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

स्थानांतरण ड्राइव शुरू करना, अंतर जिला स्थानांतरण, जेबीटी को 39900 का पे स्केल, सभी स्कूलों में सफाई कर्मचारी की व्यवस्था, बीएलओ के कार्यों में लगे अध्यापकों को को कार्य मुक्त करना व अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्यालय लिया जाना, एलटीसी समय पर जारी करना, प्राथमिक खेलों के लिए अलग से बजट पास करना, सभी प्राथमिक स्कूलों में मुख्य शिक्षक का पद सृजित करना, छात्र अध्यापक अनुपात 25:1 करना, चिराग योजना के बंद करने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने, मेडिकल लीव का प्रावधान करने और बिना दस्तावेजों के भी दाखिलों में दाखिला करने का प्रावधान किए जाने की मांग को लेकर धरना देकर और उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# एग्रो मॉल कुर्क करने के आदेश

## तहसीलदार पानीपत ने की अदालत के आदेश की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

- प्रशासन ने मार्केट कमेटी को इसके आदेश भेज दिए

पानीपत की जीटी रोड किनारे स्थित एग्रो मॉल की कुर्की के आदेश जारी हुए है। वहीं, अदालत के आदेश पर प्रशासन ने इस पर संज्ञान लेते हुए मार्केट कमेटी को इसके आदेश भेज दिए हैं। स्मरणीय है कि पानीपत नगर निगम ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप मार्केट कमेटी से इस जमीन का 74 करोड़ में सौदा भी कर लिया। इसमें 67 करोड़ एडवांस दे दिए और सात करोड़ रजिस्ट्री पर देने की बात तय थी। अब तक जमीन की रजिस्ट्री निगम के नाम नहीं हो सकी। नगर निगम ने यहां आधुनिक कार्यालय बनाने के लिए करीब सात करोड़ का टेंडर तक लगा दिया। महानगरों की तर्ज पर इमारत का प्लान और डिजाइन तक तैयार करा लिया गया। यही नहीं एग्रो मॉल को नगर निगम कार्यालय बनाने के लिए इसी साल जनवरी महीने में उद्घाटन तक कराया जा चुका है। इधर, एफसीआई गोदाम के पास परशुराम धर्मशाला के साथ शहर के एक प्रतिष्ठित परिवार की जमीन थी। जिसका मार्केट कमेटी ने अधिग्रहण कर लिया था। इस जमीन को लेकर वह पक्ष कोर्ट चला गया। मार्केट कमेटी ने उक्त जमीन के बदले अपनी एग्रो मॉल वाली जमीन का हवाला दे दिया। बताया जा रहा है कि मार्केट कमेटी ने कोर्ट में विचाराधीन केस की पैरवी तक सही से नहीं की। जिसके बाद कोर्ट ने इस मसले का हल निकालते हुए इसे कुर्क करने के आदेश दिए हैं।

### एग्रो मॉल की पांच मंजिला इमारत है

गौरतलब है कि एग्रो मॉल की पांच मंजिला इमारत है। इसमें दो बेसमेंट पार्किंग सुविधा के साथ, भूतल पर 24 रिटेल दुकान, प्रथम तल पर 28 रिटेल की दुकानें और दूसरे तल पर पांच शोरूम, एक फूड कोर्ट है। तीसरे तल पर भी 12 शोरूम और चौथे तल पर सिर्फ बैठक हॉल है। इस मॉल में पानीपत नगर निगम का जीटी रोड व ताऊ देवी लाल कांपलेक्स वाले दोनों कार्यालय शिफ्ट किए जाने थे। ये प्रोजेक्ट शहर के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक था। जिसे शहर की सरकार और विधायक पिछले चार साल से करवाने की तैयारी कर रहे थे। इधर, पानीपत की तहसील के तहसीलदार वीरेंद्र गिल ने बताया कि अदालत से एग्रो मॉल को कुर्क करने के आदेश मिले थे। इसे लेकर मार्केट कमेटी को पत्र भेजा जा चुका है।

# आईटी प्रोफेशनल्स 21 को पंचकूला में करेंगे कूच

## परिवहन मंत्री को ज्ञापन देकर मांगों पर विचार करने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

- सीएम आवास तक निकाला जाएगा रोष मार्च

हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन से संबंधित बीएमएस के तत्वावधान में आईटी प्रोफेशनल ने वीरवार को परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल को रेगुलर करने की पॉलिसी बनाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मंत्री ने प्रोफेशनल्स को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे उनकी मांगों को लेकर वे सीएम नायब सैनी से बात करेंगे। इस मौके पर हारट्रोन आईटी प्रोफेशनलस ने असीम गोयल को अपनी मांगों बारे अवगत करवाते हुए कहा कि अनुबंध के आधार पर कार्यरत लगभग पांच हजार हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स हैं। वे अपनी सेवाएं नियमित करने का प्रयास कर



परिवहन एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल को ज्ञापन सौपते हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स। फोटो : हरिभूमि

रहे हैं। अपनी एक सूत्री मांग रखते हुए उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्ड, मिशन/केंद्रीय स्कीम, सांविधिक निकायों व निगम (हारट्रोन इन हाउस ) में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत लगभग पांच हजार हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमितिकरण करने के लिए तत्काल प्रभाव से अधिसूचना जारी करे। सदस्यों ने कहा कि जब तक एक सूत्री मांग की अधिसूचना जारी नहीं की जाती तब तक राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत आईटी प्रोफेशनल्स संघर्ष का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। प्रोफेशनल्स ने कहा कि हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत कर्मचारियों व उनके परिवार में यदि किसी व्यक्ति के साथ स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो जाता है तो पूरे परिवार का भरण-पोषण व जीवन-यापन असंभव हो जाता है इसलिए सरकार से अनुरोध है कि सभी कर्मचारियों को खुला चिकित्सा भत्ता/कैशलेस चिकित्सा व किसी भी कारण से कर्मचारी की मृत्यु होने उपरान्त एक्स-ग्रेसिया स्कीम का लाभ प्रदान किया जाए। आईटी प्रोफेशनल्स सरकार की सेवा में पूरी सत्यनिष्ठा से कार्यरत रहने व सरकार द्वारा तिरस्कार करने पर भी यदि कर्मचारी 58 वर्ष अर्थात सेवानिवृत्ति की आयु पूर्ण होने तक हारट्रोन के माध्यम अनुबन्ध आधार पर कार्यरत है तो ऐसे सभी कर्मचारियों को एनपीएस/ओपीएस व ग्रेच्युटी का लाभ प्रदान किया जाए ताकि कर्मचारी व उसके परिवार का भरण-पोषण हो सके।

# मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

- कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण प्रजापत के नेतृत्व में सरकारी अस्पताल कार्यालय में कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर व सरकार विरोधी नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण प्रजापत ने बताया कि पूरे प्रदेश में काले रिबन लगाकर सरकार विरोधी प्रदर्शन किया जा रहा है। कच्चे कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। उनकी मुख्य मांगे कच्चे कर्मचारियों को जोब सुरक्षा गारंटी



यमुनानगर के रादौर सरकारी अस्पताल में काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

दी जाये। समान काम समान वेतन दिया जाये। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की जाये।

उन्होंने बताया कि इन सभी मांगों को लेकर आगामी 24 जुलाई को जिला उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। यदि सरकार उनकी मांगे पूरी नहीं करती तो कर्मचारी आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

मौके पर संदीप सैनी, कमल कश्यप, संजीव, मीणा, संगीता, दीपमाला, सुमित सैनी, गौरव, विक्की, पंकज, नवीन, अमरजीत व बीर सिंह आदि मौजूद थे।

# चालक को बंधक बनाकर 22 टायरा ट्रक ट्राला लूटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- चार गाड़ियों में सवार होकर दर्जनभर बदमाश आए थे
- आरोपियों ने चालक से एक साफ पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए

गांव कलानौर के पास चार गाड़ियों में सवार होकर आए दर्जन भर लोगों ने चालक को बंधक बनाकर उससे 22 टायरा ट्रक ट्राला लूट लिया। आरोपी उसे बंधक बनाकर थाना गंगोह गेट के पास लेकर गए। जहां पुलिस कर्मचारी ने उससे ट्रक चोरी करने की बात को लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने उससे प्लेन पेपर पर हस्ताक्षर भी करवाए।

जानकारी के अनुसार जिला पानीपत के गांव शाहपुर निवासी जगपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ठकराल रोड लाइन ट्रांसपोर्ट के ट्रक ट्राला पर ड्राइवरी करता है। यह ट्राला इसराना अल्ट्राटेक कंपनी सीमेंट फैक्टरी में लगा हुआ है। 15 जुलाई को वह ट्राले में सीमेंट लोड करके यमुनानगर आया था। उसने कलानौर के पास ट्राला से अन्य गाड़ियों में सीमेंट लोड करवा दिया। जिसके बाद वह वापस जाने के लिए ट्राला के शीशे साफ करने लगा। इस दौरान चार गाड़ियों में सवार होकर दर्जन भर युवक आए। उनमे से एक युवक को वैभव नाम से पुकार रहे थे। आरोपियों ने उसे बंधक बनाकर गाड़ी में डाल दिया उसका ट्राला लूट लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे रात भर गाड़ी में बंधक बनाकर रखा। इसके बाद वह उसे गंगोह थाना गेट के पास लेकर गए। जहां एक पुलिस कर्मचारी ने उससे ट्रक चोरी के शक में पूछताछ की। इसके बाद आरोपियों ने उससे एक साफ पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद आरोपी उससे छोड़कर व ट्राला लेकर फरार हो गए। उसने अपने घर पहुंचकर ट्रक मालिक को इसकी सूचना दी। ट्रक मालिक उसे यमुनानगर लेकर आया और ट्रक लूट की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी वैभव को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# रेलवे कर्मचारी के साथ मारपीट कर लूटी नकदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- पुलिस ने एक आरोपी को नामजद कर दो युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

रेलवे वर्कशॉप स्थित कालका कॉलोनी में बाइक सवार दो युवकों ने रेलवे कर्मचारी के साथ मारपीट कर उससे 10 हजार रुपये लूट लिए।विष्णु नगर निवासी गगनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रेलवे में नौकरी करता है। बुधवार को दोहपर दो बजे वह वर्कशॉप बाजार में किसी काम से आया था। जहां उसे विभाग की एक महिला कर्मचारी मिल गई। जिससे वह बातें करने लगा। तभी बाइक पर सवार होकर परविंद्र उर्फ गोगी अपने एक अन्य साथी के साथ वहां आया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा। जिसके बाद वह अपने घर चला गया। करीब दो घंटे बाद जब वह घर का सामान लेने के लिए बाजार में आया तो उसे दोनों आरोपी युवक फिर मिले। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उससे 10 हजार लूट लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी परविंद्र को नामजद करते हुए एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## शिकंजा

### नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम को मिली बड़ी सफलता

# चार सौ नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल के साथ दो तस्करों को बाइक समेत तरावड़ी से किया काबू

तरावड़ी थाना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट करनाल ने महत्वपूर्ण जानकारी जुटाते हुए गांव तखाना से दो नशा तस्करों को 400 नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल सहित काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस विषय पर जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों यूनिट करनाल के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सतीश वत्स, एच.पी.एस. उप पुलिस अधीक्षक, हरियाणा एनसीबी मुख्यालय मधुबन के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए हमारी टीम सहायक उप निरीक्षक बलिंद्र सिंह के नेतृत्व में स.उ.नि. उपकार, हवलदार गुरविंदर सिंह व ई.एच.सी अजीत सिंह के साथ तखाना जी टी रोड फ्लाई ओवर पर मौजूद थे। तभी मुखबिर खास कि सूचना दी कि अक्षय पुत्र राजू व सागर पुत्र भोपाल निवासी गांव तखाना जिला करनाल नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल बेचने का काम करते हैं और आज भी अक्षय की मोटरसाइकिल पर सवार होकर यु.पी. से ट्रामाडोल कैप्सुल लेने गए हैं। यदि तुरंत नाकाबंदी की जाएं तो अक्षय व सागर समान सहित काबू आ सकते हैं।



नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पकड़े गए नशा तस्कर

### पुलिस ने नाकेबंदी कर आरोपी को दबोचा

तुरंत टीम हरकत में आई और जी टी रोड से तखाना गांव जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद ही मुखबर के बतलाए हुलिए अनुसार मोटरसाइकिल सवार आते दिखाई दिये। टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया परंतु बरसात का फायदा उठाकर गांव की तरफ़ निकल गये। सरकारी गाड़ी द्वारा पीछा करके गांव में एंट्री करते ही काबू किया गया। मौके पर उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स की मौजूदगी में तलाशी ली गई तो 50 पत्ते ट्रामाडोल जिसमें प्रत्येक पत्ते में 8 कैप्सूल टोटल 400 कैप्सूल को बरामद किया गया। आरोपीयों के खिलाफ थाना तरावड़ी में एन.डी.पी.एस. अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया। यूनिट प्रभारी ने बतलाया कि आरोपीयों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड लिया जाएगा।

# किसान मोर्चा ने आंदोलन का बिगुल फूंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारस ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, किसान सभा, क्रान्तिकारी किसान यूनियन, किसान सभा ने कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि एसकेएम एमएसपी कानून की गारंटी, ऋण मुक्ति, फसल बीमा, किसानों और खेतिहर मजदूरों के पेंशन, बिजली के निजीकरण को वापस लेने और अन्य लंबित मांगों को लेकर फिर से आंदोलन की शुरूआत करेगा। एसकेएम 9 अगस्त को "कॉरपोरेट्स भारत छोड़ो दिवस" के रूप में मनाएगा, साथ ही मांग करेगा कि भारत विश्व व्यापार संगठन से बाहर आए।




आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, किसान सभा, क्रान्तिकारी किसान यूनियन, किसान सभा के सदस्य सांसद नवीन जिंदल को ज्ञापन सौंपने जाते हुए।

## खबर संक्षेप

### बच्ची को बंधक बनाकर की अश्लील हरकतें

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने दस वर्षीय बच्ची को शौचालय में बंधक बनाकर उसके साथ अश्लील हरकतें की। बच्ची की मां द्वारा शौचालय का दरवाजा खटखटाने के बाद आरोपी युवक कुंडी खोलकर मौके से भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ आठ पोक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी में अन्य लड़की से शादी कर ली। बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पड़ोस में संदीप कुमार युवक रहता है। आरोपी ने तीन साल पहले उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उससे शादी करने के लिए कहने लगा। एक दिन उसके परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वह घर पर अकेली थी। इस दौरान आरोपी संदीप उनके घर पर आ गया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाता रहा। जुलाई 2023 में आरोपी ने दूसरी लड़की से शादी कर ली।

### युवक के साथ मारपीट कर छीनी नकदी

**यमुनानगर।** गांव बहरामपुर के पास कार सवार पांच युवकों ने गांव लापरा निवासी गुलफान उर्फ बाबू के साथ मारपीट कर उससे सात हजार रुपये व एप्पल का फोन छीन लिया। गुलफान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बुधवार दोपहर को अपने दोस्त सादिक के साथ बाइक पर यमुनानगर से अपने घर जा रहा था। जब वह बहरामपुर चौक के पास पहुंचे तो कार में सवार होकर बहरामपुर निवासी नीरज, शिवम, अनिकेत व दो अन्य युवक आए। आरोपियों ने उसकी बाइक को टक्कर मारकर उन्हें नीचे गिरा दिया। जिसके बाद आरोपी उसे कार में डालकर हथनीकुंड बैराज के पास लेकर गए। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे सुनसान स्थान पर गिरा दिया।

निगम कर्मी घर-घर जाकर कर रहे संपत्तियां सत्यापित

# संपत्ति सत्यापन में यमुनानगर बना नंबर वन, 85430 प्रॉपर्टी आईडी हुई वेरीफाई

उप निगम आयुक्त ने संपत्ति सत्यापन में जुटे कर्मचारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

संपत्ति सत्यापन में यमुनानगर प्रदेश में नंबर वन बन गया है। नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी में 40.30 प्रतिशत के साथ 85430 प्रॉपर्टी आईडी वेरीफाई हो चुकी है। इसके बाद संपत्ति सत्यापन करने में हिसार 39.91 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर है।

संपत्तियां शत प्रतिशत सत्यापित करने के लिए निगम कर्मी घर-घर जाकर शहरवासियों की संपत्तियां सत्यापित कर रहे हैं। उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने संपत्ति सत्यापन कार्य में जुटे निगम कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हें दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वह अपनी संपत्ति स्वयं सत्यापित करें। यदि वे यह कार्य करने में असमर्थ है तो घर-घर जा रहे निगम कर्मचारियों से अपनी संपत्ति सत्यापित जरूर कराएं। स्वयं संपत्ति सत्यापित करने से उनकी प्रॉपर्टी आईडी लॉक हो जाएगी। इसके बाद कोई भी बाहरी व्यक्ति उनकी प्रॉपर्टी आईडी से छेड़छाड़ नहीं कर सकेंगे। ऐसा करने से प्रॉपर्टी मालिक प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से भी बच जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे घर-घर जा रहे निगम कर्मचारियों का इस कार्य में सहयोग करें और अपनी संपत्ति सत्यापित करवाए। यदि संपत्ति डाटा में कोई गलती है तो उसे जरूर ठीक कराए। ऐसा न करने पर उन्हें भविष्य में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय में संपत्ति सत्यापन कार्य में जुटे निगम कर्मियों की बैठक लेते उप निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव। फोटो: हरिभूमि

**प्रदेश के नगर निगमों में अब तक सत्यापित हुई संपत्तियों का ब्योरा**

| नगर निगम | कुल संपत्तियां | सत्यापित | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| यमुनानगर | 211829 | 85443 | 40.30 प्रतिशत |
| हिसार | 153889 | 61423 | 39.91 प्रतिशत |
| पानीपत | 178314 | 54786 | 30.72 प्रतिशत |
| पंचकुला | 101828 | 28780 | 28.26 प्रतिशत |
| रोहतक | 219632 | 56646 | 25.79 प्रतिशत |
| गुरुग्राम | 668131 | 151865 | 22.72 प्रतिशत |
| करनाल | 169021 | 37224 | 22.02 प्रतिशत |
| मानेसर | 147965 | 31913 | 21.56 प्रतिशत |
| अंबाला | 123308 | 23223 | 18.83 प्रतिशत |
| फरीदाबाद | 715432 | 130174 | 18.19 प्रतिशत |
| सोनीपत | 193219 | 32421 | 16.77 प्रतिशत |

## मकान मालिक को दुष्कर्म के केस में फंसाने की दी धमकी

- महिला ने एक साल के लिए किराए पर लिया था मकान
- अब महिला मकान को खाली करने से कर रही मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी के वासुदेव कॉलोनी निवासी नाथी राम को एक महिला को मकान किराए पर देना महंगा पड़ गया। अब महिला नाथीराम पर मकान अपने नाम करवाने का दबाव बना रही है। मकान नाम न करवाने पर उसे दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जगाधरी की वासुदेव कॉलोनी निवासी नाथी राम ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अमरीक गैस एजेंसी में नौकरी करता है। वीना रानी, अपने बेटे शुभम व पुत्रवधू काजल के साथ अमरीक गैस एजेंसी के नजदीक ही रहते थे। वीना रानी अक्सर गैस एजेंसी में आती जाती थी। इसलिए उसकी वीना से जान पहचान हो गई। वीना ने मई 2017 में उससे कहा था कि वह अपने लिए जगाधरी में मकान तलाश कर रही है। उसके पास फिलहाल अपना प्लाट है। इसलिए वह एक साल तक किराए पर रहने के लिए मकान देख रही है। एक साल के बाद वह बिना किसी विरोध के मकान को खाली कर देगी। उसने वीना पर विश्वास करके उसे कहा कि उसका वेद व्यास कॉलेज के नजदीक एक प्लाट है, जिसमें एक कच्चा कमरा बना हुआ है। बाकी हिस्से में मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। इसलिए वह उस कच्चे कमरे में एक साल के लिए रहना चाहते हो तो रह सकते हो। उसने वीना को जून 2017 में अपना कच्चा कमरा एक साल के लिए किराए पर दे दिया। परंतु वीना ने एक साल बाद उसका मकान खाली करने से मना कर दिया। वह उस पर उस मकान को अपने नाम करवाने का दबाव बना रही है। मकान नाम न करवाने पर उसे दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने व जान से मारने की धमकी दे रही है। 21 जनवरी की शाम वह गैस एजेंसी के गोदाम के पास गली में खड़ा था। तभी वहां पर वीना व उसका लड़का शुभम आए। आरोपियों ने मकान नाम न करवाने पर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## महाराणा प्रताप पार्क में लहराएगा 108 फुट का राष्ट्रीय ध्वज

- राष्ट्रीय ध्वज को लगाए जाने के लिए फ्लैग फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सेवानिवृत मेजर जनरल असीम कोहली ने पार्क में विशालकाय राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज लगाए जाने के लिए किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नवीन जिंदल द्वारा रादौर के महाराणा प्रताप पार्क में जल्द ही 108 फुट का राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाएगा। इसके लिए सांसद की ओर से फ्लैग फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सेवानिवृत मेजर जनरल असीम कोहली ने अन्य फाउंडेशन के सदस्यों के साथ महाराणा प्रताप पार्क का दौरा कर ध्वज स्थल का निरीक्षण किया।

रादौरवासियों ने सांसद नवीन जिंदल द्वारा महाराणा प्रताप पार्क में लगाए जा रहे राष्ट्रीय ध्वज के लिए आभार प्रक्ट किया है। मौके पर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज मौजूद रहे। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मेजर जनरल असीम कोहली ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल के निर्देशानुसार 15 अगस्त से पहले महाराणा प्रताप पार्क में विशालकाय राष्ट्रीय ध्वज को लगा दिया जाएगा।

राष्ट्रीय ध्वज लगाए जाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल के प्रयासों से ही सभी को राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने का कानूनी अधिकार मिला है। मौके पर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के लिए एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है। लोगों को घर घर पर तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाया है। इतना ही नहीं उन्होंने बड़े पार्कों और पर्यटन स्थलों पर बड़े बड़े तिरंगे लगाए हैं। अब इसी कड़ी में रादौर में भी 108 फुट का तिरंगा उनके प्रयासों से लगाया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी, हरबंस लाल सैनी, अमित कांबोज बुबका, चौधरी धर्म सिंह अध्यक्ष कोऑपरेटिव सोसाइटी, राजीव आर्य सन्नी, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर महाराणा प्रताप पार्क में राष्टीय ध्वज लगाए जाने को लेकर दौरा करते फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अधिकारी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## काले बिल्ले लगाकर किया रोष प्रदर्शन

- प्रदर्शनकारियों ने सरकार व स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ की नारेबाजी
- प्रदर्शनकारियों ने सरकार को दी मांगे जल्द पूरी नहीं होने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) यमुनानगर के कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर वीरवार को काले बिल्ले लगाकर जिला सिविल सर्जन के समक्ष रोष प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार व स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर उन्होंने सरकार व स्वास्थ्य विभाग को चेताया कि यदि उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। वीरवार को अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा से जुड़े सैंकड़ो कर्मचारी जिला अध्यक्ष कमल शर्मा के नेतृत्व में सीएमओ कार्यालय के समक्ष एकत्र हो गए और रोष प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने काले बिल्ले लगा रखे थे। मौके पर जिला अध्यक्ष कमल शर्मा, सुमित ऋषि व नरेश कुमार आदि ने कहा उनकी लंबे समय से मांगे लंबित चली आ रही हैं। मगर सरकार द्वारा उनकी मांगे पूरी नहीं की जा रही है। जिससे अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों में रोष व्याप्त हो गया है। उन्होंने सरकार से सभी कर्मचारियों को पॉलिसी बना कर पक्का किए जाने, समान काम समान वेतन दिए जाने, सभी कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी दिए जाने आदि की मांग की। जिला अध्यक्ष कमल शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन मे मात्र आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी करके उनके साथ भद्दा मजाक किया है। यह बढ़ोतरी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

जिसे लेकर अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांगो को पूरा करवाने के लिए राज्य कमेटी के आह्वान पर 24 जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेगे। इसके बाद 25 व 29 जुलाई को अपनी मांगो को लेकर नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन सौंपेंगे। यदि इसके बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो प्रदेश भर के अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी 4 अगस्त को करनाल में सीएम हाउस का घेराव करने को मजबूर होंगे। यदि इसके बाद भी सरकार ने अपना रवैया नहीं बदला तो वह सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।




यमुनानगर। सीएमओ कार्यालय के समक्ष काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन करते हुए अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी।

## राज्यसभा चुनाव में लेंगे भाग: जयहिंद

- घी और लंगोट लेकर यमुनानगर में पहुंचे जयहिंद
- जनता से मांगा उनकी राज्यसभा में उम्मीदवारी के लिए समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जयहिंद सेना सुप्रीमो नवीन जयहिन्द ने कहा कि वह हरियाणा में होने वाले राज्यसभा के चुनाव में डटकर हिस्सा लेंगे। उन्होंने प्रदेश के सभी विधायकों के नंबर सार्वजनिक करते हुए जनता से अपने क्षेत्र के विधायकों को फोन करके उनकी राज्यसभा में उम्मीदवारी के लिए समर्थन मांगे। नवीन जयहिंद वीरवार को यमुनानगर में घी और लंगोट लेकर पहुंचे थे और उन्होंने राज्यसभा चुनाव में हिस्सा लेने का दावा प्रेसवार्ता में जताया। उन्होंने बताया कि महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने उन्हें अपनी फेसबुक व ट्विटर एक्स पर पोस्ट डालकर समर्थन दे दिया है।उन्होंने कहा वह हरबार की तरह इस बार भी हरिद्वार से कांवड़ लेकर आएंगे। उन्होंने सरकार से कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे पर रोक नहीं लगाए जाने और एसवाईएल का पानी हरियाणा में लाए जाने की मांग की।



यमुनानगर। आयोजित प्रेसवार्ता में घी और लंगोट दिखाते हुए नवीन जयहिंद।

## क्षत्रिय एकता महासभा ने जताया रोष

- राजपूत समाज का अपमान नहीं सहेगी क्षत्रिय एकता महासभा : चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

क्षत्रिय एकता महासभा यमुनानगर की वीरवार को शहर के कन्हैया साहिब चौंक के नजदीक आक्समिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गत दिवस रादौर में आयोजित भाजपा की बैठक में से क्षत्रिय समाज के पूर्व विधायक रहे श्याम राणा को पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज द्वारा जबरन बाहर निकल जाने पर मजबूर करके अपमान करने की कड़ी निंदा की गई। बैठक में क्षत्रिय एकता महासभा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री को ज्ञापन भेजकर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता क्षत्रिय एकता महासभा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र कुशवाह ने की। महासभा के प्रवक्ता संजीव चैहान ने बताया कि समाज पूर्व मंत्री कर्णदेव की बदतमीजियों को बर्दाश्त नही करेगा।

राजपूत समाज ने हमेशा से भाजपा को ही वोट किया है। परन्तु अब भाजपा को राजपूत समाज की आवश्यकता नहीं है। इसीलिए भाजपा के नेता समाज का लगातार अपमान कर रहे हैं। भाजपा के नेता राजपूत समाज या उनके नेताओं के खिलाफ कुछ भी बोल देते हैं। यह अपमान समाज अब बर्दाश्त नही करेगा। ऐसा लगता है भाजपा के नेताओं द्वारा समाज के खिलाफ एक मुहिम चला रखी है।



यमुनानगर। कन्हैया चौक के नजदीक आयोजित बैठक में भाग लेने जाते क्षत्रिय समाज के लोग। फोटो: हरिभूमि

**अभद्र भाषा का प्रयोग किया**

उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री व ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष करण देव कांबोज ने भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग में राजपूत समाज के पूर्व विधायक व सम्मानित नेता श्याम सिंह राणा के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। आश्चर्य की बात ये भी है कि इस मीटिंग में पूर्व मेयर मदन चौहान, समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरमैन रोजी मलिक, भारत भूषण जुयाल और संघ के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। इसके बावजूद किसी ने भी कर्ण देव काम्बोज का विरोध नहीं किया। उन्होंने बताया कि क्षत्रिय एकता महासभा इस मामले को लेकर भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली, मुख्यमंत्री नायब सैनी, पार्टी के ऑबर्जवर सतीश पुनिया व धमेन्द्र प्रधान को पत्र लिखकर ऐसे नेताओ को पार्टी से बाहर किए जाने की मांग करेगी।

## वेलफेयर एसोसिएशन ने नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

वेलफेयर एसोसिएशन रादौर की ओर से वीरवार को शहर में नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नवंबर 2009 में प्रतिवर्ष 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने की घोषणा की थी। यह दिवस पहली बार 18 जुलाई 2010 को मनाया गया था। प्रस्ताव पारित करते हुए महासभा के अध्यक्ष अली ट्रेकी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय एक महान व्यक्ति के कार्यों की प्रशंसा करता है जिसने हमेशा दूसरे लोगों के लिए काम किया। नेल्सन मंडेला दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत भूतपूर्व राष्ट्रपति थे। नेल्सन मंडेला का जन्म बासा नदी के किनारे ट्रांस्की के मवेंजो गाँव में 18 जुलाई, 1918 को हुआ था। राष्ट्पति बनने से पूर्व वे दक्षिण अफ्रीका में सदियों से चल रहे रंगभेद का विरोध करने वाले अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस और इसके सशस्त्र गुट उमखोंतो वे सिजवे के अध्यक्ष रहे। रंगभेद विरोधी संघर्ष के कारण उन्होंने 27 वर्ष रॉबेन द्वीप के कारागार में बिताये जहाँ उन्हें कोयला खनिक का काम करना पड़ा था। 1990 में श्वेत सरकार से हुए एक समझौते के बाद उन्होंने नये दक्षिण अफ्रीका का निर्माण किया। वे दक्षिण अफ्रीका एवं समूचे विश्व में रंगभेद का विरोध करने के प्रतीक बन गये। संयुक्त राष्ट्र संघ ने उनके जन्म दिन को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

एलआईसी शाखा ने राजकीय मिडिल स्कूल परवालों में किया पौधारोपण

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी: ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

एलआईसी शाखा यमुनानगर द्वारा गांव परवालों के राजकीय मिडिल स्कूल में पौधारोपण कर विद्यार्थियों व ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण करने के लिए जागरुक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एलआईसी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अशोक ठाकुर ने पीपल का पौधा लगाकर किया। मुख्यातिथि एवं एलआईसी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अशोक ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए व मौसम में बढ़ रही गर्मी की तपिश से छुटकारा पाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिएं। ताकि पर्यावरण संरक्षण हो सके और लोगों को शुद्ध वायु मिल सके। वायुमंडल में दिनों दिन बढ़ रहे प्रदूषण पर रोक लग सके। उन्होंने विद्यार्थियों को आहवान किया कि वह पौधारोपण कर समाज को एक नई दिशा देने का काम कर सकते हैं।पेड़ पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। वहीं, पेड़ हमें फल, फूल, औषधियां व लकड़ी देते हैं।




यमुनानगर। गांव परवालों के राजकीय स्कूल में पौधारोपण करते हुए मुख्यातिथि अशोक ठाकुर व अन्य। फोटो: हरिभूमि

**विभिन्न किस्म के दो सौ पौधे लगाए गए**

अशोक ठाकुर ने कहा पेड़ हमें ऑक्सीजन देकर हमारे जीवन को सुरक्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि कई पेड़ पौधों की छाल औषधियां बनाने के भी काम आती है। पेड़ लंबे समय तक आक्सीजन प्रदान करके वायु की गुणवत्ता में सुधार करके, जलवायु सुधार करके, जल संरक्षण करके, मिट्टी को सुरक्षित व वन्यजीवों का संरक्षण करके पर्यावरण स्वच्छता में सहायक होते हैं। हमें अपनी आने वाली पीढ़ी के जीवन के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिएं। मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को अपने त्योहारो, जन्मदिन व खुशी के मौको पर एक पेड़ अवश्य लगाए जाने व उसका पालन पोषण करने के लिए संकल्प दिलाया। इस दौरान विभिन्न किस्म के दो सौ पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कमल मलिक, देवेंद्र शर्मा, कुसम लता व पूनम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विदेश भेजने वाले अनधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से रहें सावधान

- उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिलेवासियों को अनाधिकृत ट्रेवल एजेंटो से किया सावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहने की जरूरत है। लोगों को चाहिए कि वे सरकार की ओर से अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। हरियाणा सरकार कबूतरबाजी को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय में अनाधिकृत ट्रेवल एजेंटो से लोगों को सावधान रहने के लिए आहवान किया। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। मगर अक्सर देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं। जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई व अन्य संपत्ति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं। ऐसे अनेक मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को भी खतरा हो जाता है। इसलिए ऐसे कबूतरबाज ट्रैवल एजेंट व एजेंसियों से सावधान रहें और सरकार की ओर से अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश जाने का प्लान बनाएं।

## खबर संक्षेप



### समारोह में 36 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र/शाहबाद। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रावा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केराष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रिंसिपल दीपक कुमार और निर्मल विर्क रहे। सुभाष कलसाना ने कहा कि युवा तरुणाई को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए और अपनी प्रतिभा को निखारने का कार्य करते रहना चाहिए। इस अवसर पर दसवी कक्षा के छत्तीस प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### वाणिज्य विभाग में छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में गुरुवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अलेवा, जींद के छात्र करियर काउंसलिंग के लिए आए। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर महाबीर नरवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। उन्होंने छात्रों बताया कि किस प्रकार किसी भी विषय में महारत हासिल की जा सकती है उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि के बाद उनके पास कौन-कौन से विकल्प हैं जिसमें कि वह आगे चलकर अपना कैरियर बना सकते हैं।

### केयू में केरियर परामर्श पर हुआ मंथन

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संस्थान में गुरुवार को करियर परामर्श को लेकर मंथन हुआ। इस मंथन कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक एवं पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगोली जाटान, लाडवा के 10वीं, 11वीं व 12वीं के सम्मिलित हुए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. अनिल मित्तल ने विद्यार्थियों को संस्थान के बारे में जानकारी देते हुए करियर संबंधी अवसर एवं संभावनाओं को बारे में विस्तार से बताया।

### अबकी बार फिर लाएंगे कावड़ : नवीन जयहिंद

**कुरुक्षेत्र।** जयहिंद सेना सुप्रीमो नवीन जयहिन्द ने कहा कि प्रदेश में आगामी राज्यसभा चुनाव होने जा रहा है और वे इस चुनाव में हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही जयहिन्द ने हरियाणा के सभी विधायकों के फोन नंबर जारी किए और जनता से अपील करी के सभी अपने-अपने विधायक से बात करें और जयहिन्द के लिए समर्थन मांगे या ना मांगे लेकिन उन्हे फोन करके अपनी समस्या जरूर बताएं। निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जयहिन्द ने बताया कि हम हर बार की तरह इस बार भी नशे के खिलाफ व भाईचारा बना रहे इसके लिए हरिद्वार से कांवड़ लेकर आएंगे।

### पशुओं को पकड़कर गोशाला में छोड़ने के लिए चलाया जाने वाला अभियान ठप

# शहर की सड़कों पर बेसहारा पशुओं ने जमाया डेरा, वाहन चालक परेशान

**नगरपरिषद की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। रेलवे रोड पर सड़क के बीच खड़े बेसहारा पशु। फोटो : हरिभूमि

धर्मनगरी की सड़कों पर फिर से बेसहारा पशुओं की तादाद बढ़ती जा रही है। मुख्य शहर हो या फिर सेक्टर या कॉलोनियां हर जगह बेसहारा पशु घूमते नजर आते हैं। शहर के लोगों को दिक्कत तब अधिक आती है जब यह बेसहारा पशु सड़कों पर घूमने लगते हैं। नगर परिषद की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला-नंदीशाला में छोड़ने के लिए चलाया जाने वाला अभियान ठप पड़ा है। इस वजह से बेसहारा पशु सड़कों पर घूमते रहते हैं। मंडी के आसपास इन पशुओं की तादाद अधिक जमा हो जाती है। क्योंकि पेट भरने के लिए यह पशु एक जगह से दूसरी जगह पर घूमते-फिरते रहते हैं। बरसात के दिनों में इन पशुओं की अधिक ही परेशानी बढ़ गई हैं, क्योंकि हर जगह गीला होने के कारण ये सड़कों पर ही बैठते जाते हैं। दिन के समय सड़कों पर बेसहारा पशु इधर-उधर पेट भरने के लिए चक्कर काटते रहते हैं, जिससे ट्रेफिक बाधित होता है। सड़कों के किनारे पड़े कचरे में मुंह मारते रहते हैं। इसके अलावा रात के समय यह पशु सड़कों पर ही बैठ जाते हैं। बरसात के मौसम में सड़कों पर बैठने की समस्या अधिक बढ़ गई है। जिससे न केवल सड़क पर ट्रेफिक बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी रहता है। शहर में हर चौराहे पर बेसहारा पशुओं की भरमार है। रोजाना एक एक व्यक्ति बेसहारा पशुओं के हमले से घायल हो रहा है, लेकिन नगरपालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पशुओ के आतंक की वजह से शहरवासी खासे परेशान हैं। नगरपरिषद की ओर से इन पशुओं की धरपकड़ को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने के कारण आए दिन शहरवासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। शहर के रेलवे रोड, अमीन रोड पर पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं मुख्य बाजार रोड पर भी चारो तरफ बेसहरा पशुओं की भरमार है। सड़क के बीचोंबीच बैठे इन पशुओं से वाहन चालकों को ही नहीं, बल्कि पैदल राहगीरों को भी परेशानी उठनी पड़ती है। कई बार इन पशुओं के आपस में लड़ने के कारण वाहन चालक भी दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो जाते हैं। वहीं सड़क पर आसपास से गुजरने वाले राहगीर भी अक्सर इसका शिकार बन जाते हैं।

#### कई बार होती हैं दुर्घटना

शहर के मुख्य मार्गों ही नही, बल्कि भीतरी मार्गों पर भी इन आवारा पशुओं का डेरा लगा रहता है। कई बार इन आवारा पशुओ के बीच राह में बैठ जाने से स्थिति गंभीर हो जाती है। आवारा पशु आपस में लड़ते हुए वाहन चालकों या राहगीरो को अपनी चपेट में ले लेते हैं, जिससे हादसे हो जाते हैं। कमल कुमार, अभिषेक, जीतू, नरेंद्र शर्मा, हेमंत शर्मा, अमित कुमार और रिशु ने कहा कि प्रशासन लोगों को पेश आ रही इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इन बेसहारा पशुओं के कारण कई दोपहिया वाहन चालक भी हादसे का शिकार हो चुके हैं।

#### आज-कल में खुलेगा टैंडर : अभय यादव

इस बारे जब नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह यादव से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ पशुओं को पकड़वाकर गऊशालाओं में भिजवा दिया गया है बाकी पशुओं को सड़कों से उठवाने का टैंडर कर दिया है जोकि आज-कल में खुलना है। शहरवासियों को बेसहारा पशुओं से किसी भी प्रकार की दिक्कत नही होने दी जाएगी।

## सांसद नवीन के आह्वान पर 21 को युवा करेंगे रक्तदान



कुरुक्षेत्र। जिंदल हाऊस में मौजूद युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवीन जिन्दल फाउंडेशन और महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज-अग्रोहा के सहयोग से थानेसर के झांसा रोड़ स्थित महंत प्रभातपुरी वरिष्ठ कन्या उच्च विद्यालय में 21 जुलाई को विशाल हेल्थ मेला आयोजित किया जा रहा है। इस हेल्थ मेले में सौ से अधिक विशेषज्ञ और डॉक्टर मरीजों की जांच कर निशुल्क परामर्श और दवाएं देंगे। इस स्वास्थ्य मेले की विशेषता यह है कि इसमें अन्य स्वास्थ्य संबन्धी सुविधाओं के साथ-साथ रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जा रहा है जिसमें सांसद नवीन जिन्दल के आह्वान पर युवाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया जाएगा। रक्तदाता युवाओं के उत्साहवर्द्धन के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। इस हेल्थ मेले के अंतर्गत लगने वाले रक्तदान शिविर के लिए जिन्दल हाउस कुरूक्षेत्र में रक्तदान करने के इच्छुक युवा अपना पंजीकरण करवा रहे हैं। जिन्दल हाउस कुरूक्षेत्र में रक्तदान करने के इच्छुक युवाओं का एक दल पहुंचा और उन्होंने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण करवाया। युवाओं को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिये प्रेरित करते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने अपने संदेश में कहा कि रक्तदान स्वैच्छिक सेवा के साथ-साथ समाज के प्रति हमारी सच्ची जिम्मेदारी और मानवता की भावना को प्रकट करने का एक अवसर है।

#### ये रहे मौजूद

रक्तदान के लिए उत्साहित युवाओं में अनु सैनी, अमित कुमार, रोशन लाल, अंकित गर्ग, कपिल, सिद्धार्थ तिवारी, सुमित, गोविंद मंगला, शिवांग गर्ग जतिन जिन्दल और बलविन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन 22 को उपायुक्त को सौंपगी ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की मीटिंग जिला प्रधान अशोक यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव रामरतन शर्मा ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह ने बताया कि प्रांतीय कमेटी के आवाहन पर 22 जुलाई 2024 से 2 अगस्त 2024 तक प्रदेशभर में सभी उपायुक्तों के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम सौपा जाएगा। इसके बावजूद अगर सरकार ने संगठन से बातचीत द्वारा कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं करती है तो 11 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री आवास करनाल का घेराव किया जाएगा। मीटिंग में राम रतन शर्मा व इंद्रपाल सिंह जिला उप प्रधान ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि हरियाणा सरकार कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू कर रही है जिससे कर्मचारी वर्ग में भारी रोष है।

### देश का भविष्य बच्चों पर निर्भर : प्रो. संतोष शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** भारत की राष्ट्रीय मानक संस्था द्वारा कुरुक्षेत्र जिले के 80 विज्ञान प्रवक्ता व शिक्षकों ने भारतीय मानक ब्यूरो मानकों के माध्यम से विज्ञान सीखना नामक एक नई पहल की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य प्रासंगिक भारतीय मानकों के अनुसार विभिन्न उत्पादों के विनिर्माण, कार्यप्रणाली और गुणवत्ता परीक्षण में व्यावहारिक अनुप्रयोगों के माध्यम से छात्रों की वैज्ञानिक अवधारणाओं की समझ को बढ़ाना है। यह पहल भारत भर के शैक्षणिक संस्थानों में मानक क्लब स्थापित करने के बीआईएस के पहले के प्रयासों का एक सिलसिला है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला परियोजना कार्यालय द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

## आगामी प्रकल्पों पर की चर्चा

- रोटरी क्लब की मासिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा


लाडवा। निजी होटल में लक्की ड्रा विजेता अमित सिंघल को सम्मानित करते क्लब सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रोटरी क्लब की बैठक शहर के निजी होटल में आयोजित की गई। क्लब के सह सचिव अरुण करूड़वाल ने बताया कि क्लब की मासिक बैठक में भविष्य में किये जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गगई व विभिन्न प्रकल्पों के प्रोजेक्ट चेयरमैन निर्धारित किये गए। उनके अनुसार अगले एक दो दिन में ही छाया प्रोजेक्ट के अंतर्गत विभिन्न सामान की रेहड़ी फड़ी लगाने वालों को कैमब्रिज एजुकेशन एंड इमीग्रेशन पॉइंट के सहयोग से छाते भेंट किए जाएंगे व तीज पर्व के उपलक्ष्य में प्रोजेक्ट चेयरमैन दुर्गेश गोयल के नेतृत्व में तीज पर्व को धूमधाम से मनाया जाएगा। 11 अगस्त को हर वर्ष की भांति बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम में प्रोजेक्ट चेयरमैन अरुण करूड़वाल के नेतृत्व में स्टडी एम्पायर के सहयोग से कलाकृति 2024 आयोजित किया जाएगा। 15 अगस्त को प्रोजेक्ट चेयरमैन शुभम गोयल के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस बहुत धूमधाम से मनाया जाएगा। मौके पर विकास सिंघल, दुर्गेश गोयल, सुनील गर्ग, दीपक सिंघल, नरेंदर सिंघल, अशोक गुप्ता, अवतार सिंह सेखों, विशाल मित्तल, भूपिंदर सिंह, रविकांत गिरधर, संजीव जिंदल, अरुण सैनी, राजेश गर्ग, राजीव गुलाटी, राजेश वर्मा, दीपक बंसल, गौरव गोयल आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश में इनेलो-बसपा की सरकार बनेगी : कृष्ण बूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कृष्ण बूरा किरमच।

इनेलो हलका थानेसर के युवा अध्यक्ष कृष्ण बूरा किरमच ने कहा कि आने वाला समय इनेलो-बसपा का है और प्रदेश में इनेलो बसपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग मौजूदा भाजपा सरकार से दुखी हो चुका है और अब जनता का भी इस मौजूदा सरकार से मोह भंग हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल जुमलों की सरकार है और इसमें सिर्फ बयान बाजी व जुमले ही किए जाते हैं।

कृष्ण बूरा किरमच ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण आज प्रदेश की जनता का भाजपा सरकार से मोह भंग हो चुका है। भाजपा से जनता दुखी हो चुकी है और बदलाव लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि बढ़ती मंहगाई ने सभी का जीना मुश्किल किया हुआ है। सब्जी, फल, पेट्रोल-डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। किसानी में इस्तेमाल होने वाली दवा के भी दाम आसमान छू रहे हैं। 50 किलो और यूरिया खाद की बोरी को 40 किलो कर दिया गया। जिससे किसानों का लागत मूल्य बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारी, कर्मचारी, किसान, युवा हर वर्ग त्रस्त हैं।

## लोगों का भाजपा से हो चुका मोह भंग, प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की सरकार : जगदीश राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व सदस्य हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी जगदीश राठी ने मेन बाजार में डोर टू डोर दुकानों पर जाकर कांग्रेस पार्टी का प्रचार कर दुकानदारों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। इससे पूर्व गांव थाना से उन्होंने हरियाणा मांगे हिसाब अभियान का शुभारंभ किया गया। जगदीश राठी ने बताया कि 2014 से पहले जो हरियाणा प्रदेश अर्थव्यवस्था, विकास कार्यों व कानून व्यवस्था सहित हर वर्ग के लिए जनहित नीतियां लागू करने में देश भर में नंबर वन थे, आज वही हरियाणा प्रदेश भाजपा के 10 वर्षों के कार्यकाल में बेरोजगारी, महंगाई, लचर कानून व्यवस्था, अपराध, फिरौती, गुंडागर्दी, बलात्कार जैसे मामलों में नंबर वन बन चुका है। जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री एवम भावी मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दीपक बावरिया के दिशा निर्देशानुसार भाजपा सरकार से पिछले 10 वर्षों का हिसाब लेने के लिए 'हरियाणा मांगे हिसाब अभियान' के आगाज के तहत गांव थाना से डोर टू डोर पद यात्रा शुरू की गई।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रेम चंद, छतरपाल, बलबीर सिंह,रणधीर सिंह, सुरेंद्र कुमार, एडवोकेट विकास संधौला ,ओम प्रकाश, रामकुमार, राज कुमार, महिंद्र सिंह, संदीप सिंह, शाम लाल, हरविंदर सिंह, वीरेंद्र कुमार, भगवंत सिंह, जोगा सिंह, जगीर सिंह,राजिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। पौधरोपण करते एनसीसी कैडेटस।

### एक कैडिट-एक पौधा अभियान के तहत 100 से अधिक पेड़ लगाए

**कुरुक्षेत्र।** धरती को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के उद्देश्य ये गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 100 से अधिक एन.सी.सी कैडेट्स ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए साथ ही उनकी सम्पूर्ण देखभाल का भी प्रण लिया। एन.सी.सी की 10 हरियाणा बटालियन के बैनर तले एवं कमान अधिकारी कर्नल ए.एस. काल्हों के निर्देश पर हुए पौधारोपण के इस कार्यक्रम में गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य सहित एन.सी.सी. अधिकारी कैप्टन श्रवण कुमार व सन्नी संधू भी मौजूद रहे। कैप्टन श्रवण कुमार ने बताया कि देशभर में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा इस मानसून में लगभग 15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि एक कैडेट्-एक पौधा अभियान के तहत गुरुकुल के 100 से ज्यादा एन.सी.सी. कैडेट्स ने नीम, पीपल, बहेड़ा, आंवला, अशोका, अर्जुन, आम, जामुन आदि पौधे लगाए और इनकी सम्पूर्ण देखभाल की जिम्मेदारी ली। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने पेड-पौधों के अभाव में आज धरती का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है, पर्यावरण में असंतुलन का एक कारण पेड़-पौधों की कमी है।

## जयराम विद्यापीठ व जयराम संस्थाओं में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रम शुरू

- 51 नए ऋषिकुमारों का उपनयन संस्कार करवाने के उपरान्त विधिवत आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी नए ऋषि कुमारों के साथ। फोटो : हरिभूमि

देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं एवं कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के तट पर श्रीजयराम विद्यापीठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर श्री जयराम संस्कृत महाविद्यालय के ब्रह्मचारियों एवं ऋषिकुमारों में विशेष उत्साह है। कुरुक्षेत्र में श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में श्री जयराम संस्थाओं के अंतर्गत संचालित श्री जयराम संस्कृत विद्यालयों एवं संस्कृत महाविद्यालयों में नए विद्यार्थियों, ब्रह्मचारियों एवं ऋषि कुमारों को प्रवेश से पूर्व उपनयन संस्कार करवाया जाता है। इस बार भी 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के मुख्य कार्यक्रम से पूर्व वीरवार को जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने 51 नए ऋषिकुमारों का उपनयन संस्कार करवाने के उपरान्त विधिवत आशीर्वाद दिया। ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का लक्ष्य देशभर में भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के साथ संस्कृत भाषा को भी प्रोत्साहित करना है। जयराम संस्थाओं में संस्कृत भाषा की शिक्षा ग्रहण कर सैंकड़ों विद्यार्थी आज उच्च पदों पर आसीन हैं। सिंगला ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के मुख्य कार्यक्रम से पूर्व निरंतर अनुष्ठान भी चल रहे हैं।

### सीएम सैनी ने दलजीत कौर की अंतिम अरदास में अर्पित की श्रद्धांजलि

## मां के संस्कारों से मिलता है जीवन का प्रत्येक सुखः नायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि मां की शिक्षा और संस्कारों से जीवन का प्रत्येक सुख मिल सकता है और जीवन में सफलता हासिल करने के लिए मां के आदर्शों को जीवन में धारण करना जरुरी है। इन शिक्षाओं और संस्कारों के कारण ही विधायक संदीप सिंह ने पूरे विश्व में खेल के क्षेत्र में प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। इसलिए समाज स्वर्गीय दलजीत कौर द्वारा दिए गए संस्कारों और शिक्षाओं को हमेशा याद रखेगा। इन संस्कारों और शिक्षाओं से समाज को भी प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह वीरवार को शाहबाद बराड़ा रोड़ पर स्थित गुरुद्वारा मंजी साहब में स्वर्गीय दलजीत कौर के अंतिम अरदास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा, राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, विधायक रामकरण, भाजपा के प्रदेश नेता राहुल राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर, जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने स्वर्गीय दलजीत कौर की अंतिम अरदास में सबसे पहले गुरु ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाया और स्वर्गीय दलजीत कौर के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और पूर्व मंत्री एवं विधायक संदीप सिंह, समाज सेवी गुरचरण सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दुःख साझा किया।

### सीएम की कथनी-करनी समान, गांवों में विकास कार्य शुरूः डॉ. गणेश दत्त


लाडवा। इलाके के गांव बणी में लोगों से जनसंपर्क करते डॉ. गणेश दत्त।

**लाडवा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि प्रदेश में समग्र विकास की सरकार है जो समाज के हर वर्ग का सामाजिक आर्थिक उत्थान करने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सत्ता संभालने के बाद जनता को जो विश्वास दिलाया उसको पूरा किया जा रहा है। गांवों में पिछले वर्ग व जरूरतमंदों के विकास कार्यों के साथ साथ अनुसूचित जाति/जनजाति की चैपालों के लिए और शिव धाम के लिए भी सरकार द्वारा विकास के लिए पैसा मिलना शुरू हो गया है। इलाके के गांव बणी में मिशन 2024 विधानसभा चुनाव के अन्तर्गत जनसंपर्क अभियान भाजपा की बात को लेकर रूबरू हुए। उन्होनें कहा कि लोकसभा चुनावों में अनाप-सनाप ब्यानबाजी से लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जो जनता ने नकार दिया और अब आगामी विधानसभा चुनावों में भी प्रदेश की जनता तीसरी बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में सरकार बनाने का मन बना चुकी हैं। 2004 से 2014 तक प्रदेश में राज करने वाली हुड्डा सरकार ने जातिवाद, भाई भतीजा वाद, क्षेत्रवाद को लोग भूले नहीं हैं। ऐसे में मुंगेरी लाल के सपने कभी भी पूरे नहीं होंगें।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार


**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सागर उर्फ गंजा को



गिरफ्तार किया है। अधोई के वीरेश कुमार ने 22 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सागर उर्फ गंजा ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पैसे ऐंठने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज आपत्तिजनक वीडियो बनाकर, ब्लैकमेल करने, झूठे मुकदमें में फंसाने, बदनाम करने की धमकी देकर व पैसे ऐंठने के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्ण को गिरफ्तार



किया है। लालकुर्ती के मनोज ने 16 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 अक्तूबर 2022 से 12 जुलाई 2024 के दौरान आरोपी कर्ण व अन्य ने उसकी अश्लील वीडियो के बनाकर ब्लैकमेल करने, पैसों की मांग करने, झूठे मुकदमें में फंसाने व बदनाम करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से घर में घुस कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी देवेंद्र को शामिल जांच किया है। बधौली के विकास ने 17 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी देवेंद्र ने उसके घर में घुस कर उसकी बहन व माता से मारपीट कर उन्हें चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर जनता का मिल रहा जबरदस्त रिस्पांस



अंबाला। हस्ताक्षर अभियान में शामिल होते लोग। फोटो : हरिभूमि

- व्यापारी-किसानों के साथ कर्मचारियों ने भी दिया पुरजोर समर्थन
- ज्ञापन पर लगभग पांच हजार लोगों ने किए साइन, कांग्रेसी नेता जैन ने राज्य सरकार के साथ पूर्व मंत्री विनोद शर्मा पर भी साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को लोगों का जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन की अध्यक्षता में चलाए जा रहे इस अभियान को व्यापारी, युवा, किसान, कर्मचारी समेत हर वर्ग पुरजोर समर्थन दे रहा है। इस अभियान में अब तक पांच हजार से ज्यादा लोग शामिल हो चुके हैं। जैन ने कहा कि लोगों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्रदेश के राज्यपाल को सौंपने के लिए अब उनसे समय मांगा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए राज्यपाल से गुहार लगाई जाएगी।

### बहरी हो चुकी सरकार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एवं कांग्रेस मैनिफेस्टो कमेटी के सदस्य रोहित जैन ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान में हर वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि पांच हजार से ज्यादा लोग अभियान में शामिल होकर राज्य सरकार की इस करतूत पर ऐतराज जता चुके हैं। जैन ने कहा कि केंद्र के इशारे पर राज्य सरकार ने शंभू बॉर्डर बंद कर अंबाला के कारोबारियों को कारोबार छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अंधी बहरी हो चुकी है। जैन ने कहा कि जब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट शंभू बॉर्डर खोलने के आदेश चुका है। इसके बावजूद सरकार ने हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर बॉर्डर खोलने स मना कर दिया। उल्टा सरकार आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई। उन्होंने कहा कि इससे साफ हो गया कि राज्य सरकार को अंबाला के कारोबारियों, युवाओं और कर्मचारियों से कोई सरोकार नहीं है।

#### मुंह पर लगाया ताला

अभियान के दौरान रोहित जैन ने अंबाला शहर की पहली नागरिक एवं मेयर शक्ति रानी शर्मा व उनके पति एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दस साल अंबाला शहर से विधायक बन चुके विनोद शर्मा व उनकी मेयर पत्नी शक्ति रानी शर्मा ने एक बार फिर शंभू बॉर्डर खुलवाने की वकालत नहीं की। उन्होंने कहा कि ये नेता भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। इसी वजह से इन लोगों ने अपने मुंह पर ताला लगाया हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री शर्मा शहर की जनता को आईएमटी के जरिए गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जैन ने कहा कि यही स्थित परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल की है। शंभू बॉर्डर खोलने को लेकर वे भी न तो व्यापारियों के पक्ष में खड़े दिख रहे हैं न ही उन्हें आम नागरिकों की चिंता है। उन्होंने कहा कि अब तो परिवहन मंत्री भी पूर्व मंत्री विनोद शर्मा के साथ मिलकर जनता का बेवकूफ बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

## राज्यमंत्री ने अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर दिए आदेश

# प्राथमिकता के आधार पर अधिकारी समस्याओं का समाधान करें: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

*राज्यमंत्री के पास आई शिकायतों में बिजली समस्या, पेंशन लगवाने, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के बारे में व पानी की निकासी और अन्य शिकायतें शामिल थीं। कुछ लोगों ने लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी शिकायतों का निवारण करने के बारे में मंत्री से अनुरोध किया।*

परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के आदेश दिए। मंत्री ने शिकायतों बारे अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। गोयल ने कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना चाहिए। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि लोगों की समस्याओं का समय रहते समाधान हो। इस दौरान जंडली से माता रानी शक्ति एसोसिएशन से आए पदाधिकारियों ने मंदिर के नजदीक से गुजर रही बिजली की तारों को हटवाने बारे अपनी शिकायत रखी। मंत्री ने इस मामले में कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि वे इस कार्य का प्रस्ताव तुरंत तैयार करते हुए यहां से बिजली की तारों को हटवाना सुनिश्चित करवाएं। इसी प्रकार अन्य लोगों ने लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी शिकायतों का निवारण करने के बारे में राज्यमंत्री से अनुरोध किया। इन शिकायतों में बिजली समस्या, पेंशन लगवाने बारे, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने बारे, पानी की निकासी के बारे में व अन्य शिकायतें शामिल थी। इस मौके पर संजीव गोयल टोनी, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, गुरप्रीत साना, शोभा पूनिया मौजूद रहे।

- मंदिर के नजदीक से गुजर रही बिजली की तारों को हटवाने के बारे में अपनी शिकायत रखी



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

#### रिश्त सभ्रवाल को गोल्ड जीतने पर दी बधाई

*मंत्री ने इस मौके पर गोवा में आयोजित नेशनल यूथ समर गेम्ज चैंपियनशिप में अंबाला शहर के रहने वाले रिश्त सभ्रवाल द्वारा नेशनल लेवल पर गोल्ड मेडल जीतने पर उसे बधाई दी। सभ्रवाल ने बॉक्सिंग में यह गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश व जिला का नाम रोशन किया है। राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीत का परचम लहरा रहे हैं।*



बराड़ा। सांसद को ज्ञापन सौंपते संयुक्त किसान मोर्चा। फोटो : हरिभूमि

# किसानों की मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो फिर शुरू होगा नया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- मांगों को लेकर किसानों ने सांसद को दिया ज्ञापन पीएम पर दबाव बनाने का आग्रह

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने वीरवार को सांसद वरुण चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने किसानों की विभिन्न समस्याओं पर तत्काल ध्यान देने और आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। सांसद को दिए ज्ञापन में एसकेएम ने 18 वीं लोकसभा चुनाव में सांसद वरुण चौधरी की जीत पर बधाई दी। विश्वास जताया कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के नागरिकों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा में अहम भूमिका निभाएंगे। किसानों ने कहा कि देश भर के किसान और मजदूर अपनी आजीविका से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष कर रहे हैं। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, ऋण माफी, और बिजली के निजीकरण का विरोध शामिल है। एसकेएम ने कहा कि 2021 के समझौते के बावजूद केंद्र सरकार ने किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया है। इसके परिणामस्वरूप, किसानों को आत्महत्या, ऋणग्रस्तता और बेरोजगारी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एसकेएम ने 10 जुलाई 2024 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में स्वीकृत मांग पत्र भी संलग्न किया। इसमें 12 तत्कालिक और 8 नीतिगत मांगें शामिल हैं। तत्कालिक मांगों में सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, सर्वसमावेशी ऋण माफी योजना, बिजली के निजीकरण का विरोध, और किसानों के लिए पेंशन योजना शामिल हैं।

#### यह रहे मौजूद

*मौके पर रत्न सिंह मान,जरनैल सिंह सांगवान, सुभाष गुर्जर, और गुरभजन सिंह सहित अन्य कई किसान नेता समेत काफी संख्या में किसान एकत्रित थे।*



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते डीसी डॉ. शालीन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का हो रहा निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**डीसी ने पांच शिकायतों का मौके पर किया समाधान, आठ शिकायतें जांच के लिए भेजी**

उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि समाधान शिविर में लोगों की जो शिकायतें आ रही है उसका बेहतर समन्वय के साथ निपटान किया जा रहा है। एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी समस्याओं के समाधान पर तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं।

शिविर लोगों के लिए बेहद ही कारगर सिद्ध हो रहे हैं। उपायुक्त वीरवार को शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। बता दें कि वीरवार को जिले के समाधान शिविर में कुल 14 शिकायतें आई। इनमें से 5 शिकायतों का तत्काल निदान कर दिया गया। शेष 9 शिकायतों पर कार्रवाई के लिए विभागीय अधिकारियों को आदेश दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उदेश्य से जिले मे जिलास्तर व उपमण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। इसके साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति अपनी शिकायत या समस्या लेकर कार्यालय में जाता है तो अधिकारी उसकी समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। शिविर में नारायणगढ से आए अजय कुमार ने उपायुक्त के समक्ष शिकायत रखते हुए बताया कि उसकी फैमिली आईडी में त्रुटि थी। वह इस कार्य के लिए काफी परेशान था। उसे समाधान शिविर के बारे में पता चला जिसके बाद वह शिकायत लेकर पहुंचा। उसकी फैमिली आईडी की त्रुटि का समाधान हो गया। इसी प्रकार बलदेव सिंह ने बताया कि उसकी ताई का फैमिली आईडी में नाम गलत जुड़ गया था जिस बारे वह इस समस्या का निवारण करने के लिए यहां आए थे। यहां दिक्कत दूर हो गई। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, सीटीएम विश्वजीत सिंह, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा, डीएफएससी अपार तिवारी, डीएसपी के साथ-साथ अन्य उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए अग्निवीर शानदार योजना



अंबाला। जिला कोषाध्यक्ष का अभिनंदन करते भाजपा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**अंबाला।** भाजपा के ज़िला कोषाध्यक्ष आशीष तायल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा अग्निवीर युवाओं और सरपंचों के हित में की गई कल्याणकारी योजनाओं के लिए उनका धन्यवाद किया। तायल वीरवार को नारायणगढ़ मंडल प्रभारी के नाते यहां एक बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना देश के युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी स्कीम है। विभिन्न राज्यों और देश की भाजपा सरकारों द्वारा इस योजना के अंतर्गत बहुत सारी सुविधाएं दी गई हैं जैसे कि अलग-अलग सुरक्षा बलों की भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्रीसैनी ने अग्निवीरों के लिए कांस्टेबल, माइनिंग गार्ड, फारेस्ट गार्ड, जेल वार्डन, एसपीओ की सीधी भर्ती पर 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। ग्रुप बी व ग्रुप सी में सरकारी पदों के लिए निर्धारित आयु में 3 वर्ष की छूट दी जाएगी जबकि अग्निवीरों के पहले बैच के लिए यह छूट 5 वर्ष की होगी। ग्रुप सी में सिविल पदों पर सीधी भर्ती में 5% हॉरिजेंटल आरक्षण ग्रुप बी में 1% हॉरिजेंटल आरक्षण दिया जाएगा। इसके इलावा अगर किसी औद्योगिक इकाई द्वारा अग्निवीरों को 30000 महीना से ज्यादा वेतन दिया जाता है तो उस इकाई को 60000 की वार्षिक सब्सिडी सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।



बराड़ा। विजेताओं को सम्मानित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# फोक डांस में समलेहड़ी के मॉडल संस्कृति स्कूल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

साहा के मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल समलेहडी.में खंड स्तरीय रोल प्ले और फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में साहा ब्लॉक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। फोक डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मॉडल संस्कृति स्कूल समलेहडी. की टीम ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलहेड़ी गुजरान की टीम ने और तीसरा स्थान मॉडल संस्कृति स्कूल केसरी की टीम ने प्राप्त किया। रोल प्ले में जो राजकीय माध्यमिक विद्यालय डकोला की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहटा की टीम ने प्राप्त किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में दीदार सिंह, राजेंद्र सिंह, लाजपत व वीरेंद्र धीमान ने जज की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव कुमार, विजेंद्र सिंह, कौशल कुमार, एवीआरसी सुभाष व समस्त स्कूल स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बेरोजगारी की वजह से विदेशों की ओर पलायन कर रहे युवा



अंबाला। कार्यकताओं के साथ अभियान की शुरुआत करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ।फोटो : हरिभूमि

**अंबाला शहर की हाउसिंग बोर्ड मार्केट से शुरू किया हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम**

**अंबाला।** मंत्री निर्मल सिंह ने 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान की शुरूआत वीरवार को अंबाला शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी,सेक्टर आठ,शारदा नगर,परशुराम नगर,रतनगढ़ कॉलोनी से की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार के 10 साल के कुशासन के खिलाफ जवाब मांगा। शहर के लोगों ने सड़क,सीवर,सफाई से जुडी अनेको समस्याएं भी बताई। इसके अलावा लोगों का कहना था कि वे पोर्टल और तमाम तरह की आईडी से परेशान हो चुके हैं और सरकारी विभागों के चक्कर काटकर थक चुके है। इस पर निर्मल सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया कि कांग्रेस सरकार आने पर इन जनविरोधी पोर्टलों से मुक्ति दिलाई जाएगी। अंबाला शंभू बॉर्डर व पूरे जिले में धारा 163 लगाने व पुलिस कंपनियों के लगाए जाने पर निर्मल सिंह ने कहा की ये सरकार किसान और किसानी के खिलाफ है। ये किसानों को खत्म करके किसानी कुछ चंद पूंजीपतियों के हाथ मे देना चाहती है। शंभू बॉर्डर को लेकर उन्होंने कहा कि बड़े हैरत की बात है ये सरकार सुप्रीमकोर्ट व हाईकोर्ट के फैसले को भी मानने को तैयार नहीं है। इससे साफ है कि इस सरकार की नीयत में ही खोट है।

## सेना के अधिकारी ने छात्रों को सेना में जाने के लिए किया प्रोत्साहित

# सेना में जाकर छात्र बना सकते हैं शानदार करियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में बारहवीं कक्षा व एनसीसी के विद्यार्थियों के लिए भारतीय सेना को एक करियर के रूप में अपनाने से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करना और उसके बारे में विस्तार से जानकारी देना था।

इस अवसर पर भारतीय सेना से लेफ्टिनेंट विशेष चंद ने छात्रों के साथ वार्तालाप किया। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभवों को सांझा किया और भारतीय सेना में शामिल होने के लाभों के बारे में बताया। उन्होंने अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल के महत्व पर जोर दिया, जो सेना अपने सैनिकों को प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सेना में शामिल होने के लिए पात्रता मापदंड और उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया, जिसमें शिक्षा, यात्रा और व्यक्तिगत विकास के अवसर भी शामिल हैं। उन्होंने बच्चों को बताया कि भारतीय सेना दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है जिसका उद्देश्य देश की रक्षा करना है। हम सब इसलिए सुरक्षित हैं क्योंकि हमारे पीछे से भारतीय सेना सरहद पर रहकर हमारी रक्षा कर रही है। भारतीय सेना ने हमेशा से राष्ट्र की सीमा के भीतर शांति और सुरक्षा को सफलतापूर्वक बनाए रखा। हम सभी को भारतीय सेना का सम्मान करना चाहिए । भारतीय सेना में उन लोगो की भर्ती होती है जो देश के लिए मर मिटने की क्षमता रखते हैं। भारतीय सेना में भर्ती के बाद सैनिक का जीवन काफी कठिन होता है। हालाँकि वे अपना जीवन किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह शुरू करते हैं, परन्तु एक बार जब वे सेना में भर्ती हो जाते हैं, तो उनके लिए सब कुछ बदल जाता है। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं का भारतीय सेना में स्वर्णिम करियर बनाने हेतु मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों को उनकी बहादुरी और त्याग की कहानियों से प्रेरणा मिली और उन्होंने सेना में शामिल होने में रुचि दिखाई।



अंबाला। छात्रों को सेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित करते सेना अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सेना देश की रक्षा को समर्पित

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बताया कि भारतीय सेना देश की रक्षा के लिए समर्पित है। देश के प्रति उनका ये निस्वार्थ बलिदान बड़े ही गर्व की बात है। कैसी भी परिस्थिति हो या कोई भी छोटी बड़ी आपदा, भारतीय सेना हमेशा सबसे आगे खड़ी रहती है। भारतीय सेना में सैनिक का जीवन संघर्षों और बलिदानों से भरा होता है। जब हम अपने घर पर उत्सव का आनंद ले रहे होते हैं, तो हमारे सैनिक हमारे पीछे से सरहदों पर हमारी रक्षा करते है हम सभी को भारतीय सेना पर गर्व है और हम सब उनको इन कार्यों के लिए सलाम करना चाहिए।